एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

फिल्म स्टार्स के बच्चों से कभी अपनी तुलना नहीं की: कृति सेनन

कृति सेनन ने कहा कि उन्होंने कभी भी फिल्म स्टार्स के बच्चों से अपनी तुलना नहीं की, क्योंकि टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी पहली फिल्म हीरोपंती में उनसे स्टार किड्स जैसा ही व्यवहार किया गया था।

कृति ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने खुद की तुलना फिल्मी सितारों के बच्चों से की है। ऐसा कोई समय नहीं आया जहां मुझे लगा कि मुझे अपनी तुलना करने की आवश्यकता है। हालांकि उनमें से एक के साथ मेरे करियर की शुरुआत हुई। ऐक्ट्रेस का कहना है कि दोनों को (उन्हें और टाइगर श्रॉफ को) न केवल समान माना जाता था, बल्कि एक ही तरह से उनका प्रचार भी किया जाता था। उन्होंने कहा, टाइगर और मैं दोनों समान रूप से नए थे। हम छोटे बच्चों की तरह सीख रहे थे। सौभाग्य से, मेरे निर्माता और निर्देशक ने हमेशा फिल्म को एक नहीं बल्कि दो नए कलाकारों के डेब्यू के रूप में लिया। मुझे कभी कोई अंतर महसूस नहीं हुआ। उन्होंने कहा, जिस तरह हमारे साथ व्यवहार किया गया, हमें प्रमोट किया गया, यह बिल्कुल समानता वाली बात थी। मैंने कभी तुलना की आवश्यकता महसूस नहीं की। 2014 में अपने करियर का आगाज करने वाली कृति की इस साल तीन फिल्में अर्जुन पटियाला, हाउसफुल 4 और पानीपत आ रही हैं।

ऐक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी ने घटाया वजन

बाहुबली फेम और साउथ फिल्म इंडस्ट्री की ऐक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी अपने वजन को कम करने के बाद चर्चा में हैं। अनुष्का शेट्टी ने वजन घटाने के लेकर एक बुक लॉन्च की है। बुक का नाम द मैजिक वेट लॉस पिल है।

किताब के कवर पेज पर अनुष्का शेट्टी और न्यूट्रिशनिस्ट ल्यूक काउटीनो की फोटो है। इस किताब की भूमिका जानी मानी बॉलिवुड ऐक्ट्रेस और फिटनेस को लेकर काफी सजग रहने वाली शिल्पा शेट्टी ने लिखी है।

इस बुक में वजन घटाने के 62 तरीके बताए गए हैं। वजन घटाने के तरीके के अलावा इस बुक में बीमारियों को रोकने और उनके इलाज के बारे में भी बताया गया है।

जैसा कि सभी जानते हैं कि फिट और हेल्दी लाइफस्टाइल के कारण ही फिट और हेल्दी लाइफ होती है। बता दें कि जब से अनुष्का ने अपने स्लिम लुक की फोटो शेयर की है, तब से उनके फैंस उनके वजन घटाने के तरीके पूछ रहे थे। अनुष्का शेट्टी ने अपनी किताब की तस्वीर को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

अनुष्का शेट्टी के फिल्मी करियर की बात करें तो उन्होंने कई तमिल और तेलुगू फिल्मों में काम किया है। प्रभाष और अनुष्का की फिल्म बाहुबली और बाहुबली 2 ने कई रेकॉर्ड तोड़ दिए थे।

बताते चलें कि अनुष्का शेट्टी और प्रभाष के अफेयर के चर्चे फिल्मी गलियारों में आम हो चुके हैं।

बाली में समंदर की लहरों के साथ विद्या बालन की मस्ती, शेयर की तस्वीरें

बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन समय-समय पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी हर एक्टिविटी को अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। विद्या बालन इन दिनों बाली में हॉलीडे पर हैं। यहां विद्या समंदर किनारे जमकर मजे कर रही है। विद्या ने अपने वेकेशन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

तस्वीरों में विद्या बालन बिच किनारे पानी के साथ खेलती हुई नजर आ रही हैं। फोटो में विद्या डार्क पिंक कलर की प्रिंटेड मैक्सी ड्रेस में काफी खूबसूरत लग रही हैं।

इसके साथ ही अपनी खुशी जाहिर करते हुए विद्या ने कैप्शन में लिखा, खुशी का काई भी पल हो सकता है। विद्या बालन द्वारा शेयर की गई इन फोटोज पर काफी सारे लाइक और कमेंट्स आ चुके हैं। विद्या बालन अपनी फिल्मों और निजी पलों के बारे में भी कई जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 2.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं।